## संक्षिप्त

### पुष्पांक का चार्टर्ड अकाउंटेंट में चयन

**निवाई, (निसं)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट के हाल ही में जारी परीक्षा परिणाम में शहर की महावीर कॉलोनी निवासी पुष्पांक जैन ने उत्तीर्ण होकर शहर का नाम रोशन किया है। पुष्पक ने अपनी सफलता का श्रेय पिता एडवोकेट अशोक जैन, सुरेंद्र जैन, बंटी जैन, अपनी माता व गुरुजनों को दिया है। उसने बताया कि लगातार अध्ययन करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। वह प्रतिदिन 8 से 10 घंटे अध्ययन करते थे।



पुष्पांक जैन

### कलश यात्रा के साथ राम कथा का शुभारंभ

**दूदू, (निसं)।** कस्बे से भोजपुर रोड पर स्थित मंशा पूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में शुक्रवार को विशाल राम कथा का शुभारंभ कलश स्थापना की जाकर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर विशाल कलश यात्रा शुरू की गई। कलश यात्रा में महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में नजर आई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाकर स्वागत किया गया पश्चात मंदिर परिसर में कलशों की स्थापना की जाकर कथा वाचक कृष्ण प्रताप तिवारी द्वारा पूजा अर्चना की गई। गणेश पूजा के बाद संगीतमय धुन में राम कथा का शुभारंभ किया गया। राम कथा का कार्यक्रम 21 जुलाई तक किया जाएगा।

### किसान महापंचायत आज

**निवाई, (निसं)।** कृषि उपज मंडी में रविवार को आयोजित होने वाली किसान महापंचायत को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट संबोधित करेंगे। उपाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान पलेई ने बताया कि रविवार को कृषि मंडी प्रांगण में निवाई तहसील के 41 ग्राम पंचायत के किसानों की महापंचायत सुबह10 बजे आयोजित होगी जिसको राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत रामपाल जाट संबोधित करेंगे। महापंचायत में किसानों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उनकी मांगों को नहीं मानने पर किसानों द्वारा आगे कदम उठाया जाएगा।

### पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** समाजसेवी सांवर मल मीणा ने अपना जन्मदिन पौधे लगाकर व गायों को हरा चारा खिलाकर मनाया। मीणा के जन्मदिन पर बेटे हर्षित मीणा ने एक पेड मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर पिता के जन्मदिन पर डॉ. माधव सिंह, दिलीप सिंह शेखावत, बलदेव सैनी, एड. शुभम शर्मा के सानिध्य में 11 पौधे लगाकर उनको पालने की जिम्मेदारी ली। इस मौके पर गणेश कुमावत, पवन कुमार लाटा, सोनू वर्मा, रणजीत शर्मा, सुनील सैनी, मुकेश बदहाला आदि मौजूद थे।

### नल जल मित्रों ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई, (निसं)।** नल जल मित्रों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर वर्षो से कार्यरत जल मित्रों को ही वरियता देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि नल जल मित्र बीसलपुर जल परियोजना के अन्तर्गत विगत 7-8 वर्षो से नियमित कार्य कर रहे है। इस परियोजना को नल जल परियोजना में जोडा जा रहा है। उन्होंने उपखंड अधिकारी हरसोलिया से पुरान टंकी ऑपरेटर को पहले प्राथमिकता देने की मांग की है।

# प्रभारी सचिव ने पेयजल गुणवत्ता, विद्युत सप्लाई की स्थिति जानी

- प्रभारी सचिव खैरथल तिजारा, बहरोड़ के दौरे पर रहे, समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए

**खैरथल, (निसं)।** प्रबंध निदेशक रीको तथा खैरथल तिजारा जिले के प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रसाद मदान ने शनिवार को जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाए। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी।

प्रभारी सचिव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और पाइपलाइन संबंधी कार्य, सोलर प्लांट, नए जीएसएस बनाने, सडक निर्माण, शहरी क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए एसटीपी और एसटीपी, शहरी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार, विशेष योग के जन्म के लिए की गई स्कूटी घोषणा, हेलीपैड, प्रत्येक विधानसभा में 20-20 हेड पंप एवं 10-10 ट्ययूबवेल सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाए। इस दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में पेयजल सप्लाई की स्थिति और पेयजल गुणवत्ता, ट्रांसफॉमर्स और विद्युत सप्लाई की स्थिति के बारे में भी जाना। उन्होंने पिछली मीटिंग में दिए निर्देशों के अनुसार इस माह सरकारी अस्पताल में हुए प्रसव की जानकारी लेते हुए सरकारी अस्पतालों में प्रसव बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में ई-फाइल क्रियान्वयन की समीक्षा, पशु स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभारी सचिव ने रूंध स्थित एनिकट का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में लगभग 150 पेड लगाए गए। उन्होंने चारागाह भूमि के समीप स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण भी किया। जिला प्रभारी नकाते ने जिला सचिवालय परिसर में भी जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ वृक्षारोपण किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी, उपखंड अधिकारी किशनगढबास मूलचंद लूनिया, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मेंद्र यादव, सीएमएचओ अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी बाबूलाल माली, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग मनोज गंगावत, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञानेंद्र शर्मा, जीएमडीआईसी सुरजीत सिंह खोरिया, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।



जिला प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रसाद मदान, कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, एसपी मनीष चौधरी ने जिला सचिवालय परिसर में वृक्षारोपण किया।

**कोटपूतली** जिला प्रभारी सचिव शिवप्रसाद नकाते दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले के बहरोड क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बहरोड जिला अस्पताल, नर्सरी में एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण, पंचायत समिति, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत ढुंडारिया ग्राम पंचायत के चादीचाना में नरेगा कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान डीएफओ महेंद्र शर्मा, उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा, पीएमओ डॉ. सत्यवीर यादव, बीसीएमओ डॉ. रविकांत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### विश्वविद्यालय टॉपर अनुराधा का सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज की छात्रा अनुराधा सैनी का महाविद्यालय में सम्मान किया गया। विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि रसायन शास्त्र विभाग की एमएससी फाइनल की छात्रा अनुराधा सैनी राधेश्याम सैनी श्रीमाधोपुर निवासी ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर को टॉप किया है। छात्रा के महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय के निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, सुशीला देवी के द्वारा छात्रा का साफा व माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के इस अवसर पर रोहित शर्मा, प्रमोद कुमार, ममता यादव, विजय पारीक, रवि कुमार, दीपेंद्र वर्मा, कैलाश कुमार सिंह, राकेश शर्मा, सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।






### विद्यार्थियों ने किया मतदान

**निवाई, (निसं)।** भगवानदास ड्रीम पब्लिक स्कूल में छात्र संसद के लिए मतदान हुआ। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा ने बताया कि विद्यालय में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस व यलो हाउस के प्रतिनिधित्व हेतु मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। मतदान के लिए मतदान केन्द्र बनाया गया। विद्यालय सचिव डॉ. शची पारीक व निदेशक यशवन्त पारीक ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया तथा उनको मतदान का महत्व समझाया। सभी विद्यार्थियों ने मतदान किया। इस मौके पर असद अहमद, विशाल शर्मा, शंकरलाल शर्मा, कुलदीप मिमरोठ, ताहिर खान, कन्हैयालाल सैनी, गणेश जाट, विकास राजावत, गणेश सैन, इन्द्र जैन, पूनम अग्रवाल, तनु अग्रवाल, कोमल कीर्तानी, अश्वनी टेलर आदि मौजूद थे।

# भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार करे : अर्चना सिंह

- प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी

**टोंक, (निसं)।** सहकारिता विभाग की रजिस्ट्रार एवं जिले की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने शनिवार को भारत निर्माण सेवा केंद्र (डीओआईटी) में जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान उपखंड अधिकारी भी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से जुडे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाएं। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में अधिकारी गंभीरता बरते। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी।

प्रभारी सचिव ने देवली, मालपुरा व अलीगढ शहरी पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय पाइप लाईन संबंधी कार्य, पीपलू में कृषि मंडी की स्थापना, देवली-उनियारा में विभिन्न सडकों के कार्य, बनास नदी पर डोडवाडी से बोरडा सडक मय काजवे का निर्माण, निवाई में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण, देवली, मालपुरा निवाई में सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, डिग्गी को तहसील एवं नगर पालिका के गठन सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाएं। प्रत्येक विभाग को समयबद्ध सीमा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला और संबंधित विभाग स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। जिला कलेक्टर ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग से जुडे उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि चिन्हिकरण का कार्य संबंधित विभाग से जुडे अधिकारियों से समन्वय बनाकर करें।






### वरदान साबित हो रही है लोक अदालतें : सिद्धार्थ शर्मा

**निवाई, (निसं)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सभागार में वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा की मौजूदगी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें कई मामलों का निस्तारण किया गया।

लोक अदालत में वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि लोक अदालत में समय व धन की बचत होती है। जिसमें आपसी समझाइश से राजीनामे करवाकर गम्भीर मामलों का भी निस्तारण करवाया जाता है। सामान्य लोगों के लिए लोक अदालते वरदान साबित हो रही है। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा ने वर्षो से आपसी मनमुटाव को लेकर दूर चल रहे पति-पत्नी के बीच में अथक प्रयासों से सुलह करवाया।

इसमें गुड्डी देवी पत्नी धर्मराज बैरवा निवासी सुखडिया नगर ट्रक यूनियन के पीछे ढाणी जुगलपुरा व परसराम शर्मा पत्नी कविता शर्मा गांव मोडयाली ककोड के बीच समझाइश करवाकर एक दूसरे के साथ जीवन यापन करने के लिए न्यायालय परिसर में ही एक दूसरे को माला पहनवाकर उम्रभर साथ देने के लिए समझौता करवाया। अपने वैवाहिक जीवन में उन्हें सदैव साथ रहने के लिए न्यायालय के समक्ष कागजी कार्रवाई के द्वारा समझौता करवाया। वहीं परिवार जनों ने दूसरे का मुंह मीठा करवा बधाई दी।

इस दौरान लोक अदालत में विद्युत संबंधी शहरी ग्रामीण क्षेत्र विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कैसी माली, धनराज टाटावत, कनिष्ठ अभियंता राघव जैन, कनिष्ठ अभियंता लकी गोठवाल, शाहिद विद्युत विभाग की कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा वीसीआर सहित विद्युत विभाग की बकाया राशि कि राज्य सरकार द्वारा छुठ के अनुसार फैसले किए गए।

सहायक अभियंता धनराज टाटावत ने बताया कि लोक अदालत में बिजली विभाग के सहायक अभियंता अ प्रथम के 47 व अ द्वितीय के 67 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वही लोक अदालत में बडौदा बैंक, एसबीआई, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बडौदा ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर द्वारा आमजन द्वारा लिए गए ऋण के कई मामलों को कई मामलों का निस्तारण किया गया।

### महेंद्र ने बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर मेडल जीता

**पावटा, (निसं)।** कस्बे पावटा के रहने वाले एक खिलाडी महेंद्र खण्डेलवाल ने आईसीएन दिल्ली नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। जिसके चलते उसके घर और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। विजेता खिलाडी महेंद्र खण्डेलवाल का कहना है कि इससे पहले भी वे कई स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले चुका है। पावटा निवासी महेंद्र खण्डेलवाल पुत्र श्रवण खण्डेलवाल को बचपन से ही बॉडी बिल्डिंग के प्रति रुचि है। जो पिछले कई वर्षों से कई स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। खिलाडी महेंद्र ने बताया कि आईसीएन दिल्ली नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई थी। इसमें कई राज्यों के खिलाडियों ने आकर हिस्सा लिया था। जहाँ चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके चलते उनको आयोजकों द्वारा सिल्वर मेडल भी दिया गया। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई महीनों से कडी मेहनत कर रहे हैं और एक दिन अंतरराष्ट्रीय लेवल पर खेलकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उसके परिवार के लोग काफी सपोर्ट करते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 12 बैंचों का गठन

**बौंली-बामनवास**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में जिला मुख्यालय सहित अधिनिष्ठ तालुका गंगापुर सिटी, बौंली, बामनवास एवं खंडार में 13 जुलाई शनिवार को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए कुल 12 बैंचों का गठन किया गया। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अतुल कुमार सक्सेना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी दीवानी, वैवाहिक, संपत्ति, श्रम, राजस्व विवाद सहित अन्य विवाद प्रकरणों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पक्षकारों के मध्य आपसी समझाइस व राजीनामे के माध्यम से निस्तारण हो जाने पर न्यायालय के समय के साथ-साथ आमजन के समय व पैसों की बचत होती है। जिला मुख्यालय पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान दो पारिवारिक प्रकरणों में पति-पत्नियों के बीच आपसी राजीनामे के माध्यम से निस्तारण कराया गया।






# चार वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी का राजीनामा करवाया

- कुल 1138 मामलों का हुआ निस्तारण

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में स्थानीय न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का आपसी राजीनामे व समझाइश से निस्तारण करवाया गया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन क्रमशः एडीजे क्रम सं. 01 सुमरथ लाल मीणा की अध्यक्षता में सदस्य राजकुमार बसीठा व द्वितीय बैच एसीजेएम सरिता यादव की अध्यक्षता में सदस्य रणजीत कुमार मीणा की सदस्यता में गठित की गई। दोनों बैचों में अधिवक्तागणों ने पक्षकारों से समझाइश करते हुये चिन्हित 2294 में से 1138 मामलों का निस्तारण किया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर समेत अधिवक्तागणों ने विभिन्न प्रकरणों में राजीनामे का प्रयास किया। मोटर दुर्घटना वादों के कुल 5 करोड 7 लाख 96 हजार 700 रूपयों की राशि के अवॉर्ड पारित किये गये। साथ ही प्री लिटिगेशन के 2500 मामलों में जेवीवीएनएल व बैंकों के राजीनामे करवाते हुये 169 मामले निपटाये गये। साथ ही पक्षकारों द्वारा राशि भी मौके पर जमा करवाई गई। जेवीवीएनएल ने विधुत कनेक्शन विच्छेद के 41 उपभोक्ता विवादों का निपटारा कर 19.06 लाख रूपयों की राशि जमा की। साथ ही दो प्रकरणों का भी राजीनामे से निस्तारण किया गया। इस दौरान एईएन दीपक मिश्रा, जेईएन सिटी सचिन भाटी, राजस्व अधिकारी कल्याण सहाय व सुशील जांगिड़ व विवेक सैनी सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान मार्च 2020 से अलग रह रहे पति-पत्नी ललित सिंह व बीना कंवर का समझाईश से राजीनामा करवाया गया। इस दौरान दम्पति ने एक दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मन मुटाव भुलाए। भैंसलाना निवासी बीना की शादी गुडगांवा निवासी ललित सिंह के साथ हुई थी। जिनका विगत चार वर्षो से विवाद चल रहा था।



मार्च 2020 से अलग रह रहे पति-पत्नी ललित सिंह व बीना कंवर ने एक दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मन मुटाव भुलाए।


